Title: Request the Government not give work to the contractors to save the retrenchment of the workers in the Railway Workshop at Manmad Jn. in district Nasik, Maharashtra.

श्री हरिभाउ शंकर महाले (मालेगांव) : उपाध्यक्ष जी, नासिक जिले में मनबाद जंक्शन रेलवे स्टेशन है। इस रेलवे स्टेशन में देश का सबसे बड़ा इंजन और रेल की अन्य सामग्री बनाने का कारखाना है। यहां के कामगारों को अच्छा काम करने के लिए माननीय जार्ज साहब ने सम्मानित भी किया। लेकिन अब यहां कंट्रेक्टरों को काम देना शुरू किया है। इसलिए इन कामगारों के ऊपर बहुत बड़ा संकट आया है। मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से विनती है कि इन कंट्रेक्टरों को काम न दिया जाये और साथ ही साथ कामगारों की संख्या में कटौती न होने पाये।